# बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना

**दिनांक 16.10.2014 संजय कुमार सिंह, भा0 प्र0 से0, प्रबंध निदेशक बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के द्वारा 220/132/33 के0 भी0 ग्रिड उपकेन्द्र, बेगूसराय का भ्रमण टिप्पणी ।**

---

1. भ्रमण के दौरान मुख्य अभियंता (परियोजना कार्यान्वयन एवं गुणवत्ता नियंत्रण), उपविकास आयुक्त बेगूसराय, अनुमण्डल पदाधिकारी, बेगूसराय, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, बरौनी एवं बेगूसराय तथा अन्य सभी अभियंता गण उपस्थित थे।

2. ग्रिड उपकेन्द्र में प्रवेश गेट की स्थिति टूटी–फूटी पायी गयी। निदेश दिया गया कि गेट का अविलम्ब मरम्मति कराकर रंग–रोगन कराया जाय।

   (अनुपालन– महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, मुजफ्फरपुर/विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, पूर्णिया/विद्युत कार्यपालक अभियंता, संचरण प्रमण्डल, बेगूसराय/सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमण्डल, बेगूसराय)

3. भ्रमण में पाया गया कि ग्रिड उपकेन्द्र के तीनों स्वीचयार्ड में घास, झाड़ी एवं जंगल निकल आये हैं। 33 के0 भी0 स्वीचयार्ड में पौधों की लम्बाई इतनी अधिक हो गयी है कि वे वहाँ लगे कन्डक्टरों एवं फीडरों तक पहुँच गये हैं। निदेश दिया गया कि हर हाल में इनकी स्थाई सफाई सुनिश्चित करायी जाय। भ्रमण के दौरान पाया गया कि घास कटाई कार्य जारी था।

   (अनुपालन– मुख्य अभियंता, संचरण (ओ0 एण्ड एम0)/महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, मुजफ्फरपुर/विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, पूर्णिया/विद्युत कार्यपालक अभियंता, संचरण प्रमण्डल, बेगूसराय/सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमण्डल, बेगूसराय)

4. बेगूसराय जिला में विशेषकर, शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में बाधा के संबंध में बताया गया कि शहरी क्षेत्र के फीडरों का Relay Setting Match नहीं कराने से भी विद्युत उपलब्धता में बाधा आती है। प्रबंध निदेशक द्वारा आपूर्ति के दोनों कार्यपालक अभियंताओं को शेष बचे फीडरों के रीले–सेटिंग Match कराने हेतु निदेश दिया गया।

   (अनुपालन– विद्युत कार्यपालक अभियंता, संचरण प्रमण्डल, बेगूसराय/विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, बरौनी एवं बेगूसराय)

5. नियंत्रण कक्ष में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वहाँ अधिष्ठापित Annunciation Panel सही ढंग से कार्य नहीं कर रहा है। यह पैनल ABB कम्पनी निर्मित है। निदेश दिया गया कि इस पैनल को संबंधित कम्पनी से सम्पर्क कर यथाशीघ्र सही कराया गया।

(अनुपालन– मुख्य अभियंता, संचरण (ओ0 एण्ड एम0)/महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, मुजफ्फरपुर/विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, पूर्णिया/विद्युत कार्यपालक अभियंता, संचरण प्रमण्डल, बेगूसराय/सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमण्डल, बेगूसराय)

6. भ्रमण में देखा गया कि नियंत्रण कक्ष में Isolator Control लगे हैं, किन्तु अभी भी इनका इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। ये उपकरण भी ABB कम्पनी निर्मित है। निदेश दिया गया कि इस उपकरण का समुचित इस्तेमाल किया जाय तथा आवश्यकता हो तो सम्बधित कम्पनी के इंजिनियर को बुलाकर इसके संचालन हेतु प्रशिक्षण ले लिया जाय। निदेश दिया गया कि CRITL के अभियंतागण भी इसकी जाँच कर लें तथा उन्हें Isolator Control संचालन हेतु प्रशिक्षण देने की कार्रवाई की जाय।

(अनुपालन– मुख्य अभियंता, संचरण (ओ0 एण्ड एम0)/महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, मुजफ्फरपुर/विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, पूर्णिया/विद्युत कार्यपालक अभियंता, संचरण प्रमण्डल, बेगूसराय/सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमण्डल, बेगूसराय)

7. निरीक्षण में पाया गया कि नियंत्रण कक्ष में कुछ अनुपयुक्त PLCC उपकरण रखे हुए हैं। इसके संदर्भ में बताया गया कि ये उपकरण A TO Z कम्पनी को BTPS में अधिष्ठापित करना था। निदेश दिया गया कि मुख्य अभियंता, टेलीकॉम तथा मुख्य अभियंता (ओ0 एण्ड एम0) से समन्वय स्थापित कर इन उपकरणों को आवश्यक स्थानों पर अधिष्ठापित करायें।

(अनुपालन– मुख्य अभियंता, संचरण (ओ0 एण्ड एम0)/महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, मुजफ्फरपुर/मुख्य अभियंता, टेलीकॉम)

8. बेगूसराय ग्रिड उपकेन्द्र में निम्नांकित कार्य कार्यान्वित कराये जा रहे हैं–

(A) दो नये 100 MVA के ट्रान्सफॉर्मर का अधिष्ठापन (220 के0 भी0 स्तर पर)

(B) दो 220 के0 भी0 ट्रान्सफॉर्मर बे का निर्माण।

(C) एक 132 के0 भी0 ट्रान्सफॉर्मर वे का निर्माण।

(D) एक 50 MVA का ट्रान्सफॉर्मर का अधिष्ठापन (132 के0 भी0 स्तर पर)

इनमे से (A) (B) एवं (C) का कार्य मे0 वैरिगेट एवं कनोहर के द्वारा किया जा रहा है। निर्माण स्थल पर पाया गया कि असैनिक कार्य प्रारंभ है। निदेश दिया गया कि इन कार्यो को निर्धारित समय पर पूर्ण कराया जाय।

(अनुपालन– मुख्य अभियंता, संचरण/महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, मुजफ्फरपुर/विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, पूर्णिया/विद्युत कार्यपालक अभियंता, संचरण प्रमण्डल, बेगूसराय/सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमण्डल, बेगूसराय)

9. भ्रमण के दौरान सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत कार्य पालक अभियंता एवं मुख्य अभियंता (परियोजना कार्यान्वयन) द्वारा जानकारी दी गयी कि ग्रिड उपकेन्द्र परिसर में अवस्थित चिन्हित भू–भाग पर PSS निर्माण हेतु भूमि का हस्तांतरण किया जा सकता है। तदुपरांत निदेश दिया गया कि ग्रिड उपकेन्द्र में चिन्हित भूमि को नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्युशन कम्पनी लि0, को PSS निर्माण हेतु हस्तांतरण करने की कार्रवाई की जाय।

(अनुपालन– विशेष कार्य पदाधिकारी (मानव संसाधन एवं प्रशासन)/ मुख्य अभियंता संचरण, बी0 एस0 पी0 टी0 सी0 एल0)

10. तेघड़ा राजस्व अनुमण्डल के लिए प्रस्तावित ग्रिड उपकेन्द्र के भूमि के सन्दर्भ में भी जिला पदाधिकारी, बेगूसराय मुख्य अभियंता (परियोजना कार्यान्वयन एवं गुणवत्ता नियंत्रण) तथा उपविकास आयुक्त, बेगूसराय को अन्य विकल्पों पर स्थल भ्रमण कर प्रस्ताव समर्पित करने हेतु निदेश दिया गया।

(अनुपालन– जिला पदाधिकारी, बेगूसराय/ महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, मुजफ्फरपुर/मुख्य अभियंता, (परियोजना कार्यान्वयन एवं गुणवत्ता नियंत्रण)/उपविकास आयुक्त, बेगूसराय)

ह0/–
(संजय कुमार सिंह)
प्रबंध निदेशक

पत्रांकः– ____________/ दिनांकः–______________/

प्रतिलिपिः– महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन मुजफ्फरपुर/मुख्य अभियंता (परियोजना कार्यान्वयन एवं गुणवत्ता नियंत्रण) मुजफ्फरपुर/विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, पूर्णिया/विद्युत कार्यपालक अभियंता, संचरण प्रमण्डल, बेगूसराय/सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमण्डल, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ।

ह0/–
(संजय कुमार सिंह)
प्रबंध निदेशक

पत्रांकः– 70/ दिनांकः– 07-11-2014/

प्रतिलिपिः– निदेशक (परियोजना)/मुख्य अभियंता, संचरण/मुख्य अभियंता, संचरण (ओ0 एण्ड एम0)/मुख्य अभियंता, टेलिकॉम को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ।

ह0/–
(संजय कुमार सिंह)
प्रबंध निदेशक

पत्रांकः– 70 /                                        दिनांकः– 07-11-2014/

प्रतिलिपिः– प्रबंध निदेशक, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, पटना/जिला पदाधिकारी बेगूसराय/उपविकास आयुक्त बेगूसराय/अनुमण्डल पदाधिकारी, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

(संजय कुमार सिंह)
प्रबंध निदेशक